सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 160 | इंदौर, बुधवार 24 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. इसरो ने रचा इतिहास, 6100 किलो वजनी संचार उपग्रह को 16 मिनट में पृथ्वी की कक्षा में किया स्थापित

1. 50 सीटों पर मानने को तैयार नहीं शिंदे सेना, भाजपा भी अडिग; BMC चुनाव से पहले महायुति में घमासान

2. Bangladesh: 'चुनाव रद्द कराने के लिए तुमने उसे मारा', उस्मान हादी के भाई का मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप

● स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 व 2026...

# इंदौर का दावा फिर मजबूत




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 व 2026 के नए मापदंड जारी हुए हैं। इस बार स्वच्छ शहरों को 173 बिंदुओं पर काम करना होगा। सबसे अहम एयर क्वालिटी इंडेक्स भी होगा। नए मापदंडों के हिसाब से इंदौर नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बार भी इंदौर का दावा मजबूत है। इंदौर में वायु प्रदूषण दूसरे शहरों की तुलना में कम है। इंदौर का एक्यूआई मंगलवार को 178 है। दूसरे कई बड़े शहरों का एक्यूआई 200 से ऊपर चल रहा है।**

सर्वेक्षण की टूलकिट में कचरा सेग्रिगेशन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच, जल प्रबंधन, स्वच्छता अभियान, सफाई कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाएं, नागरिकों की प्रतिक्रिया और शिकायत निवारण शामिल है। इस बार सफाई सड़कों पर नहीं बल्कि स्कूल परिसर, पर्यटन स्थल, सार्वजनिक स्थानों पर भी देखी जाएगी। यदि वहां गंदगी मिलती है तो फिर नंबर कम हो सकते हैं। इसके लिए नगर निगम दूसरे सरकारी विभागों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ेगा। खाली प्लॉटों पर बिखरा मलबा, वर्षों से खड़े पुराने वाहनों को हटाने पर भी अफसरों का जोर रहेगा। बैकलेन में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे फिलहाल शहर में बैकलेन में कचरा होने की समस्या ज्यादा बढ़ गई है। रहवासी कचरा वाहनों तक कचरा पहुंचाने के बजाय बैकलेन में कचरा फेंक रहे हैं। इसे लेकर निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने रहवासियों की मदद से बैकलेन में सीसीटीवी कैमरे लगाने और गेट लगवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कर्मचारियों को भी कचरा फेंकने वालों के चालान बनाने के लिए कहा है। इंदौर में प्रदूषण कम करने के लिए नगर निगम कई तरह के जतन करता आ रहा है। इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहनों के ज्यादा से ज्यादा संचालन पर जोर दिया जा रहा है। होटलों में कोयला जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा चौराहों पर रुकने वाले वाहन चालकों को भी वाहनों का इंजन बंद करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

● मध्यप्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचारी सोच के साथ देश का नेतृत्व कर रहा है : केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा

# धार में पीपीपी मोड पर आकार लेगा देश का पहला मेडिकल कॉलेज : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**धार, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश आज एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर रहा है। प्रदेश के दो जनजातीय बाहुल्य जिलों में आज मेडिकल कॉलेजों का भूमि पूजन हो रहा है। प्रदेश के अंतिम पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगतप्रकाश नड्डा का प्रदेशवासियों की ओर से विशेष आभार है। यह पीपीपी मोड (जन-निजी भागीदारी) पर बनने वाला देश का पहला मेडिकल कॉलेज होगा। इस पहल की शुरुआत मध्यप्रदेश की धरती से हो रही है।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि धार में मेडिकल कॉलेज का भूमि-पूजन देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को एक नेतृत्व दिया है। राज्य में नवाचारी सोच और जन सहभागिता के साथ देश में पीपीपी मोड के आधार पर पहला मेडिकल कॉलेज शुरू किया जा रहा है। मध्यप्रदेश ने इस मामले में देश का नेतृत्व किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीपीपी मॉडल में समाज और सरकार मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण कर, हर व्यक्ति तक बेहतर इलाज पहुंचाने की दिशा में कार्य करेंगे। सेवा और विकास हमारी सरकार का मूल मंत्र है, विगत दो वर्ष जनकल्याण और विकास की दृष्टि से अद्वितीय रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जिसके दो बड़े शहरों- भोपाल और इंदौर में सालभर के अंदर मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही प्रदेश में हवाई सेवाओं का भी विस्तार हो रहा है। अब रीवा से इंदौर और नई दिल्ली के लिए हवाई सेवा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के लिए पीजी कॉलेज मैदान धार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार



कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री श्री जे.पी. नड्डा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने रिमोट का बटन दबाकर मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास और धार जिले के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसी वर्ष अगस्त माह में पीपीपी मॉडल पर बैतूल, कटनी, धार और पन्ना में चार नए चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए थे। आज धार और बैतूल का शिलान्यास हो रहा है। शीघ्र ही कटनी और पन्ना में भी मेडिकल कॉलेजों का शिलान्यास किया जाएगा। इन जिलों के बाद भिण्ड, मुरैना, खरगोन, अशोकनगर, गुना, बालाघाट, टीकमगढ़, सीधी और शाजापुर में भी इसी तरह मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की तैयारी है। धार जिले में 260 करोड़ रूपए की लागत से 25 एकड़ भूमि पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। इस मेडिकल कॉलेज के लिए स्वामी विवेकानंद शिक्षा धाम फाउंडेशन ने सरकार के साथ हाथ मिलाया है। फाउंडेशन को 25 एकड़ जमीन 1 रूपए की लीज पर देकर राज्य सरकार ने स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करने का रास्ता खोला है। अब धार के लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय जनजातीय बच्चों को डॉक्टर बनने का अवसर भी मिलेगा। यहां नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के कोर्स भी संचालित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में वर्ष 2002-03 तक मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे। अब प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 33 हो चुकी है। राज्य में पिछले दो सालों में 6 शासकीय मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए। इनमें आदिवासी अंचल सिंगरौली और श्योपुर के मेडिकल कॉलेज भी शामिल हैं। राज्य सरकार ने सीनियर रेजिडेंट्स डॉक्टरों के 354 पदों को स्वीकृति दी है। प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया अभियान को आगे बढ़ाते हुए 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है। धार में 15 लाख से अधिक लोगों की सिकल सेल कार्यक्रम के तहत जांच की गई। प्रदेश के टीकमगढ़, नीमच, सिंगरौली, श्योपुर, डिंडौरी के अस्पतालों में 800 बेड का उन्नयन और डॉक्टरों के 810 नए पदों की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार को ऋषि दाधीच और मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है। यह जनसंघ के आदिपुरुष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मस्थली भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में धार जिले को पिछले 4 महीने में अनेक विकास कार्यों की सौगात मिली हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने 75वें जन्मदिवस पर धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया। टेक्सटाइल आधारित इस इंडस्ट्रियल पार्क के माध्यम से क्षेत्र के कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा और 3 लाख के अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा दूरस्थ क्षेत्रों के लिए वरदान बनी है। अब आयुष्मान कार्ड के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क इलाज और एयर एम्बुलेंस की सुविधा मिल रही है। परिजन के मृत्यु के बाद परिवारों की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी जिला और सिविल अस्पतालों में शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। राज्य सरकार ने सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए राहवीर योजना की शुरुआत की है। यह राज्य सरकार का मानवीय संवेदनाओं वाला पक्ष है। घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को राज्य सरकार प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार की राशि प्रदान कर रही है। साथ ही प्रदेश में अंगदान को प्रोत्साहन देने के लिए देह दानियों और उनके परिवारों को गार्ड ऑफ ऑनर देने की परंपरा शुरू की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज धार जिले को 626 करोड़ रूपए की लागत के कुल 93 विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसके अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, छात्रावासों, गर्ल्स स्टेडियम, विभिन्न सड़कों, विधि महाविद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि का लोकार्पण शामिल है। धार में 15 करोड़ की लागत से बनने वाले गीता भवन का भूमिपूजन हो रहा है। धार-मनावर-गंधवानी और कुक्षी में 104 करोड़ रूपए कील लागत से कुल 26 बालक-बालिका छात्रावासों का भूमिपूजन भी आज किया जा रहा है। धार जिला विकास की राह पर निरंतर अग्रसर है। इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइन परियोजना के लिए 18 हजार 36 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। धार के सभी गांवों तक माँ नर्मदा के जल से सिंचाई की सुविधा पहुंचाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

# वंदे भारत में खराब सीट की शिकायत सोशल मीडिया पर आई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देश की प्रीमियम ट्रेनों में शामिल वंदे भारत एक्सप्रेस में तकनीकी खामियों की शिकायत सामने आई है। इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री ने सीट खराब होने की शिकायत सोशल मीडिया पर दर्ज कराई, जिसके बाद रेलवे ने मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।**



सोमवार सुबह 6:10 बजे इंदौर से नागपुर के लिए रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री निलेश वाघमारे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत पोस्ट की। उन्होंने बताया कि C-14 कोच में उनकी सीट नंबर 9 रिक्लाइन नहीं हो रही थी, जिससे पूरी यात्रा असहज हो गई।

**प्रीमियम किराए पर उठे सवाल-** यात्री ने कहा कि वंदे भारत जैसी ट्रेन में यात्रा के लिए भारी किराया चुकाने के बावजूद सीट जैसी बुनियादी सुविधा का खराब होना निराशाजनक है। करीब 8 घंटे की यात्रा सीट सही से काम न करने के कारण परेशानी भरी रही। शिकायत में रेलवे की आधिकारिक सेवा को टैग किए जाने के बाद रेलवे ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और रतलाम डीआरएम को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रेलवे सेवा की ओर से शिकायत दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस घटना के बाद वंदे भारत जैसी हाई-प्रोफाइल ट्रेनों में मेंटेनेंस और क्वालिटी चेक को लेकर सवाल उठने लगे हैं। यात्रियों का कहना है कि प्रीमियम ट्रेनों में इस तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है।

# पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर

**इंदौर। राज्य आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) इंदौर ने जमीन घोटाले के लिए चर्चित डाक तार कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित इंदौर के पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।**

आरोपियों ने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार का अपात्र और गैर सदस्यों को संस्था के भूखंड आवंटित कर धोखाधड़ी की। ईओडब्ल्यू डीएसपी केएल दांगी के मुताबिक शिकायत की जांच के बाद संस्था के तत्कालीन अध्यक्ष श्रीकांत घंटे पिता रामचंद्र घंटे निवासी चंद्रलोक कॉलोनी, तत्लालीन उपाध्यक्ष सुभाष पिता मांगीलाल दुबे निवासी संचार नगर कनाडिया रोड एवं सलीम पिता बली मोहम्मद निवासी वैभव नगर कनाडिया रोड और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में FIR दर्ज की है। दरअसल, डाकतार कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित का गठन 20 जनवरी 1975 को आवासहीन सदस्यों को भूखंड उपलब्ध कराने के लिए किया था। हाल ही में हुई शिकायत की जांच में पाया गया कि संस्था के तत्कालीन अध्यक्ष श्रीकांत घंटे ने अध्यक्ष और संचालकों पद का दुरुपयोग करते हुए संस्था के गैर सदस्य सलीम पिता वली मोहम्मद निवासी वैभव नगर कनाडिया रोड इंदौर को संचारनगर एक्सटेशन के 1500 वर्गफीट, 750 वर्गफीट आवासीय और 3509 वर्ग फीट के एक व्यवसायिक भूखंड आवंटित किया। संस्था के तत्कालीन उपाध्यक्ष सुभाष दुबे ने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी पत्नी विद्यादेवी को संचारनगर एक्सटेंशन में 1500 वर्गफीट का भूखंड आवंटित कर दिया। दुबे ने अपने बड़े भाई सत्यनारायण दुबे को 1500 वर्गफीट और अपने पिता मांगीलाल दुबे के नाम भी 1500 वर्ग फीट की रजिस्ट्री कराया जाना पाया गया। ईओडब्ल्यू डीएसपी कन्हैयालाल दांगी ने बताया कि तत्कालीन अध्यक्ष श्रीकांत ने सलीम पिता वली मोहम्मद को संस्था का सदस्य नहीं होने पर भी संस्था की सदस्यता के लिए कूटरचित रसीद आदि बनाकर पद का दुरुपयोग किया।

### जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की संवेदनशीलता पुन: आई सामने

# बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण का कराया गया नि:शुल्क इलाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर कार्यालय इंदौर में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में एक बार फिर मानवीय संवेदना का उदाहरण देखने को मिला। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया।**





इसी जनसुनवाई में उपस्थित एक बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण की दयनीय स्थिति देखकर कलेक्टर श्री वर्मा की संवेदनशीलता पुनः सामने आई। बुजुर्ग की पत्नी श्रीमती प्रेम बाई ने बताया कि लक्ष्मी नारायण को कुछ समय पूर्व कुत्ते ने काट लिया था, लेकिन समुचित उपचार न मिलने के कारण उनके पैर में गंभीर संक्रमण और असहनीय पीड़ा हो रही थी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बुजुर्ग की हालत को देखते हुए बिना विलंब कलेक्टर कार्यालय से ही एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें अस्पताल भिजवाने के निर्देश दिए। अस्पताल में चिकित्सकीय उपचार के साथ-साथ मानवीय सहयोग की भी मिसाल देखने को मिली। समाजसेवी श्री जयू जोशी एवं अन्य समाजसेवियों द्वारा बुजुर्ग को स्नान कराया गया, दाढ़ी कटिंग करवाई गई तथा उन्हें नए कपड़े पहनाए गए, जिससे वे पूर्णतः नए रूप में नजर आए। वर्तमान में बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण को अस्पताल में भर्ती कर नि:शुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की इस पहल ने न केवल एक जरूरतमंद बुजुर्ग को राहत दी, बल्कि जनसुनवाई को संवेदनशील और जनहितैषी प्रशासन का सशक्त उदाहरण भी बना दिया।

## खाटू बाबा का दरबार सजा, भजनों की स्वरलहरियों पर खूब झूमे भक्त..

### अन्नकूट महोत्सव संपन्न, देर रात तक चलता रहा आयोजन



**इंदौर।** श्री शक्ति महिला संघ ने अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। संस्थापक डिंपल राम शर्मा ने बताया, यह संघ का सातवां अन्नकूट महोत्सव था, जिसमे खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। छप्पन भोग लगाए गए। खाटू श्याम के भजनों के साथ ही हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों व वरिष्ठ मातृशक्तियों का सम्मान किया। आयोजन में अध्यक्ष पायल शर्मा, शकुंतला ओझा, कुमकुम शर्मा, गीता पवार, पुष्पा पांडे, रीना तिवारी, शिवानी पंडित, रंजना एकतारे, प्रतीक्षा दुबे, बीना शुक्ला, भारती शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, पुनीता शर्मा, विभूति व्यास, दीपिका हासिजा, प्रीति खानवलकर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

### अनिका के परिजन ने सीएम से लगाई गुहार

# 6 करोड़ की और जरूरत, 6-6 रुपए लाड़ली बहनों के दिला दीजिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की 3 साल की मासूम अनिका शर्मा दुर्लभ बीमारी SMA Type-2 से जूझ रही है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में उसके माता पिता उसे लेकर पहुंचे। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि वे प्रदेश की लाड़ली बहनों से 6-6 रुपए बेटी के इलाज के लिए दिलवा दें। इससे काफी मदद मिलेगी और बेटी का महंगा इलाज हो सकेगा।**



उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात की और बताया कि अब तक 3 करोड़ रुपए का इंतजाम हो चुका है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में हर महिला से 6-6 रुपए दिलवा दीजिए। इस दौरान मौके पर 'विनय उजाला' संस्था की ओर से अनिका के इलाज के लिए 2.77 लाख रुपए का चेक भी सौंपा गया। अनिका के परिजन ने बताया कि वे इंदौर के सभी चौराहों पर मदद के लिए गुहार लगा रहे हैं और शहरवासी उनकी मदद भी कर रहे हैं। अब तक 3 करोड़ रुपए से अधिक जमा हो चुके हैं लेकिन उन्हें अभी भी इलाज के लिए 6 करोड़ रुपए की जरूरत है। ऐसे में उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से गुहार लगाई है कि वे लाड़ली बहना योजना के तहत सभी खातों में से मात्र 6-6 रुपए दिलवा दें जिससे उनका काम हो सके। कलेक्टर शिवम वर्मा ने भी शहरवासियों से अनिका के इलाज के लिए मदद की अपील की है।

उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है की जनभागीदारी के लिए पहचाना जाने वाला इंदौर शहर एक बार फिर से नई मिसाल पेश करेगा। गौरतलब है कि मासूम अनिका शर्मा एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है और उसका इलाज अमेरिका के एक इंजेक्शन और दवाई से ही संभव है लेकिन इसके लिए करीब 9 करोड़ रुपए की जरूरत होगी। अनिका के परिजनों के लिए इतनी बड़ी राशि जुटाना संभव नहीं है। ऐसे में परिवार,अन्य लोगों से मिलने वाली मदद पर ही निर्भर है।

# नेहरू पार्क स्विमिंग पूल में नकली नोटों से स्नान, कांग्रेस का निगम पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नेहरू पार्क स्विमिंग पूल अब तैराकी की सुविधा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का प्रतीक बनता जा रहा है। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद बदहाल हालत और बार-बार मरम्मत ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी जनहित के मुद्दे को उठाने के लिए शुक्रवार को जिला कांग्रेस सेवादल ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया।**



कांग्रेस सेवादल ने मांग की कि नेहरू पार्क स्विमिंग पूल पर हुए प्रत्येक खर्च की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और जनता के पैसों का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता स्विमिंग पूल में उतरे और नकली नोटों से "स्नान" कर नगर निगम पर तंज कसा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिस पूल में आम नागरिक प्रवेश शुल्क के कारण जाने से हिचकता है, उसी पूल में करोड़ों रुपए की सरकारी राशि बिना जवाबदेही के बहा दी गई। उनका आरोप है कि यह स्विमिंग पूल अब सुविधा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का शो-पीस बन चुका है। कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा शासित नगर निगम ने स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर को "स्कैम सिटी मॉडल" बना दिया है, जहां ठेकेदारों और अधिकारियों को फायदा मिल रहा है, जबकि जनता को जर्जर सुविधाएं और टूटती टाइलें मिल रही हैं। शैलू सेन और गिरीश जोशी ने भी नगर निगम पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह प्रदर्शन प्रशासन को आईना दिखाने के लिए किया गया है, ताकि जनता जान सके कि उसका टैक्स विकास में नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार में खर्च हो रहा है। नेहरू पार्क स्विमिंग पूल का रिनोवेशन करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। यह काम लगभग एक साल से चल रहा था, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि न तो नगर निगम के इंजीनियरों ने नियमित निरीक्षण किया और न ही ठेकेदार ने गुणवत्ता पर ध्यान दिया।

# पुलिसकर्मियों के मोबाइल हैक

## APK फाइल अपलोड करने से हुए परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में पुलिसकर्मियों के मोबाइल हैक होने का मामला सामने आया है, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने सतर्कता बरतने की एडवाइजरी जारी की है। बताया गया कि हाल ही में कुछ पुलिसकर्मियों के मोबाइल पर APK फाइल आई थी, जिसे डाउनलोड करने के बाद उनका व्हाट्सएप हैक हो गया। इसके बाद हैक हुए नंबरों से उनके परिचितों को रुपए मांगने के मैसेज भेजे गए।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि आजाद नगर, लसूड़िया, तुकोगंज और चंदन नगर थानों में पदस्थ पुलिसकर्मियों के मोबाइल हैक होने की जानकारी मिली है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ई-चालान से




जुड़ी एक फर्जी APK फाइल डाउनलोड करने के कारण उनके मोबाइल हैक हुए। इसके बाद साइबर अपराधियों ने व्हाट्सएप के जरिए फोन कॉन्टैक्ट में मौजूद लोगों से पैसे मांगने के मैसेज भेजे। एडिशनल डीसीपी दंडोतिया ने बताया कि इस तरह की फर्जी APK फाइलें पूरे प्रदेश में सक्रिय हैं। इसे देखते हुए क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। हैक किए गए मोबाइल नंबरों और साइबर गिरोह के स्रोत को लेकर जांच जारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी अनजान या संदिग्ध APK फाइल को डाउनलोड करने से बचना बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे मोबाइल का डेटा फॉरवर्ड मोड में चला जाता है, जिसका साइबर अपराधी दुरुपयोग करते हैं।

# पुलिस कमिश्नर ने हेलमेट पहनने वालों को दिए गिफ्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हेलमेट नहीं लगाने वालों पर जगह-जगह चेकिंग कर चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही लोगों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पलासिया पर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस ने न केवल उन लोगों को रोका, जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था, बल्कि उन्हें भी रोका, जिन्होंने हेलमेट पहन रखा था। हेलमेट पहनकर चलने वालों को पुलिस कमिश्नर ने गिफ्ट बांटे और उनसे हेलमेट लगाने के कारण भी जाने। लोगों ने अपने अनुभव भी साझा किए। वहीं, दूसरी ओर जिन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था, उनके चालान बनाए गए और इसके बाद उन्हें हेलमेट भी बांटे



गए। पुलिस कमिश्नर ने युवा, बुजुर्ग और जरूरतमंद ऐसे वाहन चालकों को भी हेलमेट वितरित किए, जिनके पास रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस और अन्य दस्तावेज पूरे थे। पुलिस कमिश्नर ने गाड़ी चलाने वालों से कहा कि लगातार शहर के सुगम, सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए आम लोगों को जागरूक करने और सड़क सुरक्षा में उनकी सहभागिता के लिए नित नए कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

# युवक को समझौते के लिए बुलाया और कर दी चाकू मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी और अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र की सीमा पर सोमवार देर रात एक सीजिंग एजेंट की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड में एक युवती, उसका प्रेमी और दो अन्य आरोपी शामिल बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक दिन पहले सिगरेट पीने के दौरान हुए विवाद के बाद समझौते के बहाने युवक को बुलाया गया था।

अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान यश पिता प्रदीप भान, निवासी द्वारकापुरी के रूप में हुई है। सोमवार रात करीब डेढ़ बजे युवती चारू परदेशी, उसके बॉयफ्रेंड रोहित और उनके दो साथियों ने फूटी कोठी के पास यश को मिलने बुलाया। इस दौरान यश के साथ उसका दोस्त विक्रम भी मौजूद था। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने यश पर तीन से अधिक बार चाकू से वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल यश को दोस्त विक्रम नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना के कुछ घंटों बाद ही आरोपी युवती चारू परदेशी, रोहित को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद आरोपियों के साथी पीयूष और ईश्वर को भी पकड़ा है। चारू परदेशी इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर है। उसके कई सोशल मीडिया में 54 हजार फॉलोअर है। पुलिस के मुताबिक एक दिन पहले चारू परदेशी और रोहित एक पान की दुकान पर सिगरेट पी रहे थे। इसी दौरान कमेंट्स को लेकर चारू और यश के बीच कहासुनी हो गई थी। दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे। विवाद के बाद दोनों पक्ष वहां से चले गए, लेकिन सोमवार को समझौते के बहाने दोबारा आमने-सामने हुए और यह विवाद जानलेवा बन गया। पुलिस का कहना है कि मृतक यश सीजिंग एजेंट का काम करता था।

हत्या के बाद पुलिस ने यश के दोस्त विक्रम से पूछताछ की, जिससे चारू की भूमिका सामने आई। पुलिस की दो टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। जब टीम चारू के घर पहुंची तो वह वहां नहीं मिली। परिजनों से पूछताछ और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पता चला कि आरोपी उज्जैन रोड की ओर भाग रहे हैं।



### सीएम बोले- बैतूल में बनेगा आदिवासी संग्रहालय

# मुलताई का नाम अब 'मूलतापी' होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुलताई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुलताई नगर का नाम बदलकर 'मूलतापी' करने की घोषणा की है। यह ऐलान उन्होंने बैतूल में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की मौजूदगी में मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान किया।**

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस संबंध में मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है, जिसे राज्य सरकार आगे बढ़ाएगी। उन्होंने बैतूल में आदिवासी संग्रहालय बनाने का भी ऐलान किया। स्थानीय निवासी पंडित सौरभ जोशी ने बताया कि प्राचीन काल में मुलताई का नाम 'मूलतापी' ही था, जिसका अर्थ है ताप्ती नदी का मूल स्थान। देश की प्रमुख नदियों में शामिल ताप्ती नदी का उद्गम स्थल मुलताई ही है, जिससे यह नगर धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। 'मूलतापी' नाम से नगर की ऐतिहासिक पहचान को मजबूती मिलेगी। यहां ताप्ती माता के दर्शन और पूजन के लिए हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। नाम बदलने से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।




# आयुध निर्माणी को बम से उड़ाने की धमकी

### मौके पर पहुंची भारी फोर्स ने खंगाल दिया पूरा परिसर

**नर्मदापुरम। मध्य प्रदेश के इटारसी में स्थित आयुध निर्माणी को एक ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी सोमवार रात को आई थी, जिसमें कहा गया था कि मंगलवार दोपहर 12 बजे तक निर्माणी में धमाका कर दिया जाएगा। इस गंभीर सूचना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आयुध निर्माणी के प्रबंधन ने तुरंत पथरोटा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई।**

पथरोटा थाना प्रभारी संदीप पंवार ने बताया कि ई-मेल में दी गई धमकी के बाद पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे। छिंदवाड़ा और भोपाल से बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की टीमों को बुलाया गया। इन टीमों ने सुबह से ही पूरे आयुध निर्माणी परिसर की बारीकी से जांच शुरू कर दी। हालांकि, मंगलवार शाम 5 बजे तक की गई जांच में पुलिस को परिसर में कुछ भी संदिग्ध या खतरनाक नहीं मिला।

### मेल में लिखी थीं आपत्तिजनक बातें

नर्मदापुरम जिले के पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने इस मामले की गंभीरता को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि पूरी सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस साइबर सेल की मदद से ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में पथरोटा थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि ई-मेल में सिर्फ बम से उड़ाने की धमकी ही नहीं थी, बल्कि कुछ अन्य आपत्तिजनक बातें भी लिखी गई थीं। उन्होंने कहा कि यह मामला मध्य भारत की रक्षा उत्पादन इकाइयों के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जा रहा है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है ताकि धमकी देने वाले को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

### दिग्विजय बोले-

# बांग्लादेश में भारत की घटनाओं का रिएक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बांग्लादेश में हिंदू और ईसाई समुदाय के साथ हो रही हिंसा पर विवादित बयान दिया है। दिग्विजय ने कहा- बांग्लादेश में जो हालात बन रहे हैं, उसके पीछे वही कट्टरपंथी और धर्मांध ताकतें हैं, जो धर्म के नाम पर राजनीति करती हैं।**

उन्होंने कहा- हमारे देश में जिस तरह अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कार्रवाई होती है, उसी का रिएक्शन बांग्लादेश में देखने को मिल रहा है। वहां हमारे हिंदू भाइयों और ईसाई समुदाय के साथ जो हो रहा है, उसकी हम घोर निंदा करते हैं। दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को दिल्ली में कहा- बांग्लादेश के प्रमुख मोहम्मद यूनुस एक बड़े अर्थशास्त्री हैं और उनसे जिम्मेदार हस्तक्षेप की उम्मीद की जाती है।



दिग्विजय के इस बयान पर हुजूर से बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार किया है। रामेश्वर ने कहा- दिग्विजय सिंह 10 साल तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद रहे हैं, इसके बावजूद वे आज तक यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि वे भारत के नागरिक हैं या फिर पाकिस्तानी। वे आईएसआई के एजेंट की तरह बात कर रहे हैं। क्या दिग्विजय सिंह अलकायदा के एजेंट हैं या अंतरराष्ट्रीय आतंकियों ने उन्हें अपनी तरफ से प्रवक्ता बनने की सुपारी दे रखी है। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहे हैं, उसके पीछे भारत में कौन सी ऐसी घटना है, जिसका रिएक्शन वहां दिख रहा है।

## तीन करोड़ रुपए से निर्मित दुनिया का सबसे बड़ा 210 टन वजनी शिवलिंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग सोमवार देर शाम सागर जिले की सीमा में पहुंचा। सिवनी से होते हुए नेशनल हाईवे-44 के रास्ते जैसे ही यह विशालकाय शिवलिंग महाराजपुर और देवरी पहुंचा, भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। देर रात यह काफिला कंटनी मंदिर के पास रुका। इस शिवलिंग को तमिलनाडु के महाबलीपुरम से बिहार के चंपारण ले जाया जा रहा है। 210 टन वजनी इस शिवलिंग को देखने के लिए हाईवे पर लोगों का तांता लगा रहा। दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग बनाने में कारीगरों को 10 साल का समय लगा है और इस पर करीब 3 करोड़ रुपए का खर्चा आया है।

## भोपाल, इंदौर-महेश्वर मप्र की 'क्रिएटिव सिटी' बनेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल, इंदौर और महेश्वर मध्यप्रदेश की 'क्रिएटिव सिटी' बनेंगे। पिछले साल प्रदेश में 14 करोड़ टूरिस्ट आ चुके हैं। इनमें विदेशी भी शामिल हैं। वहीं, 400 होम स्टे संचालित किए जा रहे हैं। इनके जरिए ग्रामीण 7 करोड़ रुपए कमा चुके हैं। यह बात पर्यटन और संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहीं। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभाग को पिछले 2 वर्ष में 18 से अधिक पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। प्रदेश में 900 करोड़ रुपए से 20 सांस्कृतिक और धार्मिक लोकों का निर्माण हो रहा है। वैश्विक पटल पर 10 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों और भोपाल, इंदौर एवं महेश्वर को 'क्रिएटिव सिटी' के रूप में विकसित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री लोधी ने कहा, सरकार का लक्ष्य 1 हजार होम स्टे निर्माण करने का है। पर्यटन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव और मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट जैसे बड़े आयोजन किए गए हैं। आयोजनों के माध्यम से लगभग 10 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।



## सोशल मीडिया पर जज बताकर दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** यहां की 30 वर्षीय महिला सोशल मीडिया पर बने रिश्ते के जाल में फंस गई। आरोपी ने खुद को राजस्थान हाईकोर्ट का जज बताकर महिला से दोस्ती की। फिर शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक उसका शारीरिक शोषण किया। जब महिला को सच्चाई पता चली कि वह कोई जज नहीं, बल्कि उदयपुर का रहने वाला एक लॉ स्टूडेंट है तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जयकिशन (29) को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पीड़िता के मुताबिक, उसकी दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए उदयपुर निवासी जयकिशन से हुई थी। आरोपी ने अपनी प्रोफाइल और बातचीत में खुद को राजस्थान हाईकोर्ट का जज बताया। लगातार बातचीत के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और रिश्ता प्यार में बदल गया।

## संपादकीय

# लीबियाई सैन्य प्रमुख की मौत और संदिग्ध पाक डील

पाकिस्तान से साढ़े चार अरब डॉलर की आर्म्स डील के फौरन बाद लीबिया के आर्मी चीफ मुहम्मद अली अहमद अल-हद्दाद की प्लेन क्रैश में मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पाकिस्तान ने जिन परिस्थितियों में गुपचुप तरीके से लीबिया के साथ शायद अपना अबतक का सबसे बड़ा हथियार बेचने का सौदा किया है, उसका विरोध खुद पाकिस्तान में ही हो रहा है। एक और बड़ी बात ये है कि यह विमान हादसा तुर्की में हुआ है, जो हाल के दिनों में पाकिस्तान और लीबिया दोनों का ही बड़ा रक्षा सहयोगी बना बैठा है। पाकिस्तान जैसा देश जो पिछले दिनों आटे के लिए तरस चुका है, उससे कोई इतने बड़े पैमाने पर हथियार खरीदने के लिए तैयार हो जाए तो वह युद्धग्रस्त लीबिया जैसा देश ही हो सकता है। पाकिस्तान के लिए यह डील कितनी अहम है कि खुद फील्ड मार्शल असीम मुनीर इसके लिए पिछले हफ्ते लीबियाई शहर बेनगाजी पहुंच गए थे। ऐसे में जब लीबिया को हथियार बेचना दुनिया के अन्य देशों की आंखों में चढ़ने से कम नहीं है, पाकिस्तान जैसा निर्लज्ज देश ही इसके लिए तैयार हो सकता था। तथ्य यह है कि 2011 से ही यह संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के दायरे में है। अंतरराष्ट्रीय चिंता की वजह ये है कि लीबिया के हाथों में चीन में बने पाकिस्तानी हथियार पहुंचने का मतलब है कि यह आसानी से हिजबुल्लाह, हमास और अन्य आतंकी संगठनों के पास पहुंच सकता है। यह ऐसे आतंकी संगठन हैं,जो इजरायल के आंखों के कांटे बने हुए हैं। इजरायल ही नहीं, जो भी देश इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आंतकी संगठनों से पीड़ित है, उन्हें पाकिस्तान और लीबिया के बीच हुई आर्म्स डील निश्चित तौर पर खटक सकती है। आज की तारीख में पाकिस्तान, अफगानिस्तान से भी टकराव मोल रहा है और उसके बलूचिस्तान इलाके में भी हालात ठीक नहीं है। बलूचिस्तान के नेता शुरू से ही पाकिस्तान-लीबिया के बीच हथियार सौदे का विरोध कर रहे हैं। बलूच नेताओं को यह चिंता सता रही है कि लीबिया तो शुरुआत है, पाकिस्तान धीरे-धीरे इसी तरह से अपने परमाणु हथियार भी तुर्की, ईरान जैसे देशों तक पहुंचा सकता है। एक और तथ्य पर गौर करना जरूरी है। पाकिस्तान में इतना दम नहीं है कि वह अपने भरोसे किसी देश को इतने बड़े पैमाने पर हथियार बेचने का वादा करे। ऐसे में चीन की भूमिका संदिग्ध हो जाती है, जो पाकिस्तान के माध्यम से अपने हथियार युद्धग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचाने की साजिश रच सकता है। ऐसे में इस आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि लीबिया को हथियार बेचने से उस मुल्क की भी चिंता बढ़ी हो, जो रक्षा क्षेत्र में चीन के अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वी हैं।


## OSHO कहिन

**"खुश रहना एक कला है और उसे सीखने के लिए अभ्यास की जरूरत है।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# धूमकेतु 3I/ATLAS को देखने का सबसे अच्छा टाइम क्या है, जानें किस दिन और कब होगा पृथ्वी के सबसे करीब



इंटरस्टेलर धूमकेतु 3I/ATLAS शुक्रवार 19 दिसंबर को सुबह-सुबह पृथ्वी के सबसे करीब आएगा। हालांकि यह इतना करीब नहीं आएगा कि हमारे ग्रह के लिए कोई खतरा पैदा हो। इसके बावजूद खगोलविदों ने उस सटीक समय का पता लगा लिया है, जब यह धूमकेतु हमारी पृथ्वी के सबसे नजदीक होगा। ऐसे में अंतरिक्ष प्रेमी उस समय धूमकेतु का सबसे अच्छा नजारा देख सकते हैं। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उस समय मौसम कैसा है और दिन है या रात।

### धूमकेतु 3I/ATLAS पृथ्वी के सबसे करीब कब आएगा

NASA की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (JPL) होराइजन्स सिस्टम की ऑर्बिटल गणनाओं के अनुसार, धूमकेतु 3I/ATLAS 19 दिसंबर को सुबह 1 बजे EST (भारतीय समयानुसार 11.00AM) पर पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उस समय, धूमकेतु लगभग 1.8 एस्ट्रोनॉमिकल यूनिट दूर होगा। यह दूरी लगभग 168 मिलियन मील (270 मिलियन किलोमीटर) या पृथ्वी और सूर्य के बीच की औसत दूरी का लगभग दोगुना है।

### धूमकेतु 3I/ATLAS को किसने खोजा था

धूमकेतु 3I/ATLAS को 1 जुलाई को चिली में NASA के ATLAS टेलीस्कोप ने खोजा था। 3I/ATLAS हमारे सौर मंडल से गुजरने वाली अब तक खोजी गई तीसरी ज्ञात इंटरस्टेलर वस्तु है, जो 2017 में 'Oumuamua और 2019 में 2I/Borisov के बाद है। हालांकि धूमकेतु 3I/ATLAS पृथ्वी के पास से गुजरते समय नंगी आंखों से देखने के लिए बहुत दूर और धुंधला रहेगा, लेकिन इसका फ्लाईबाई वैज्ञानिक रूप से मूल्यवान है क्योंकि इंटरस्टेलर वस्तुएं बहुत दुर्लभ होती हैं।

### धूमकेतु 3I/ATLAS से क्या पता चलेगा

3I/ATLAS का इसके सबसे करीब आने पर अध्ययन करने से खगोलविदों को दूसरे तारे के चारों ओर बने पदार्थ की जांच करने का सबसे अच्छा अवसर मिलता है, जो हमारे अपने सौर मंडल से परे ग्रहों प्रणालियों की एक क्षणिक झलक प्रदान करता है।

New Delhi

# दिल्ली में लगातार 3 दिन भी नहीं रह पाते हैं नितिन गडकरी, खुद ही कारण भी बताया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-एनसीआर में हर साल गंभीर होती जा रही प्रदूषण समस्या पर चिंता जताते हुए कहा है कि राजधानी में कुछ दिन रहने पर ही उन्हें एलर्जी की समस्या होने लगती है। उन्होंने यह बात दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। भाजपा नेता नितिन गडकरी वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर की पुस्तक के विमोचन समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान उन्होंने दिल्ली की बिगड़ती हवा को लेकर अपनी व्यक्तिगत परेशानी भी साझा की। उन्होंने कहा,



"मैं यहां तीन दिन रहता हूं और मुझे प्रदूषण की वजह से एलर्जी हो जाती है।"

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने स्वीकार किया कि दिल्ली-एनसीआर में करीब 40 फीसदी प्रदूषण परिवहन क्षेत्र से आता है। उन्होंने कहा, "मैं खुद परिवहन मंत्री हूं और यह सच है कि 40 प्रतिशत प्रदूषण परिवहन के कारण होता है।" गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदूषण से निपटने के लिए परिवहन क्षेत्र में बड़े और त्वरित बदलाव की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों पर आधारित ईंधन न सिर्फ प्रदूषण बढ़ा रहे हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था पर भी भारी बोझ डाल रहे हैं।

Bihar

## सुबह-सुबह जिम जा रहे जदयू छात्र नेता को अपराधियों ने मारी गोली



**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार में सुबह-सुबह अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बेगूसराय जिले में अपराधियों ने जदयू (जनता दल यूनाइटेड) के एक छात्र नेता को गोली मार दी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा गुमटी के पास अपराधियों ने जेडीयू के छात्र नेता को गोली मारी है। गोली लगने से छात्र नेता जख्मी हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि घायल जदयू के घायल छात्र नेता की पहचान सोनू कुमार राय के तौर पर हुई है। रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि सोनू हर रोज की तरह बुधवार की सुबह भी अपने घर से जिम जाने के लिए निकले थे। लेकिन यहां घात लगाए अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी है।

इस वारदात के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह छात्र जदयू नेता सोनू राय को अस्पाल पहुंचाया। फिलहाल सोनू राय की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इधर इस वारदात की सूचना से पुलिस-प्रशासन के कान भी खड़े हो गए हैं। सोनू राय को मारकर अपराधी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान में जुटी है।

सोनू राय को गोली क्यों मारी गई? अभी इसके बारे में पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। लोहिया नगर थाने की पुलिस अलग-अलग एंगल से इस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

Haryana

## रिजॉर्ट के कमरे में सोते हुए पांच प्रवासी मजदूरों की दम घुटने से मौत

**कुरुक्षेत्र, (एजेंसी)** रात को ठंड से बचने के लिए कमरे को बंद कर तसले में कोयला जलाकर जलाकर सोए उत्तर प्रदेश के पांच प्रवासी मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। हादसा सेक्टर पांच के समक्ष पिपली रोड स्थित स्टर्लिंग रिजॉर्ट के स्टाफ क्वार्टर्स में हुआ, जहां ये मजदूर रंगाई-पुताई करने आए थे। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के शेखपुरा कदीम गांव निवासी करीब 28 वर्षीय ठेकेदार नूर, उनके भाई करीब 27 वर्षीय सोनू, पड़ोसी करीब 38 वर्षीय मदनपाल और करीब 40 वर्षीय रोशन व महमदपुर गंगोह निवासी करीब 40 वर्षीय रामकुमार के रूप में हुई है, जो फिलहाल सहारनपुर के अभिषेक नगर में रहता था। मृतक रोशन और रामकुमार जीजा-साला थे, जबकि नूर और सोनू सगे भाई थे। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी और सभी शवों को एलएनजेपी नागरिक अस्पताल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है, जहां उनका बुधवार को पोस्टमार्टम होगा।

Rajasthan

## 15 गांव की औरतों के लिए फोन का इस्तेमाल किया बैन

**जालोर, (एजेंसी)** राजस्थान के जालोर जिले में पंचायत ने अजीब फरमान सुनाया है। 15 गांव की बहू-बेटियों को 26 जनवरी से कैमरे वाला फोन यूज करने पर बैन लगा दिया है। इतना ही नहीं सार्वजनिक समारोह से लेकर पड़ोसी के घर पर भी फोन ले जाने पर पाबंदी रहेगी। वह स्मार्ट फोन की जगह की-पैड फोन उपयोग में ले सकेंगी। समाज अध्यक्ष का कहना है कि ये फैसला इसलिए किया गया है कि महिलाओं के पास मोबाइल होने से बच्चे इसका उपयोग करते हैं। इससे आंखें खराब होने का डर रहता है। जालोर जिले के चौधरी समाज सुंधामाता पट्टी की गाजीपुर गांव में बैठक हुई थी। 14 पट्टी के अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाज की बहू-बेटियों के लिए ये निर्णय लिया गया है। समाज अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी ने बताया कि बैठक में पंच हिम्मताराम ने फैसला पढ़कर सुनाया। हिम्मतराम ने बताया कि देवाराम कारनोल वालों ने ये प्रस्ताव रखा था। इसमें सभी पंचों और लोगों ने चर्चा करते हुए निर्णय लिया कि 15 गांवों की बहू-बेटियां फोन पर बात करने के लिए की-पैड वाला फोन रखेंगी। इसके साथ ही पढ़ाई करने वाली बच्चियों को मोबाइल रखना अगर जरूरी होगा तो वे अपने घर में ही मोबाइल से पढ़ाई करेंगी। यानि वे घर में ही मोबाइल का यूज कर सकेंगी। शादी समारोह, सामाजिक कार्यक्रम और पड़ोसी के घर पर भी मोबाइल नहीं ले जा सकती हैं।

खेल

# वैभव सूर्यवंशी का रांची में धमाका...दुबई से लौटकर उड़ा डाले 190 रन, कर दी छक्कों की बारिश

**रांची.** विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के प्लेट ग्रुप में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ बिहार की पारी महज स्कोरकार्ड की कहानी नहीं थी, बल्कि एक 14 साल के बल्लेबाज की एक और बड़ी कहानी रही. इस रन-तूफान के ठीक बीच खड़ा था एक नाम, जो अब घरेलू क्रिकेट में अपने चरम पर छा गया है और यह है वैभव सूर्यवंशी.अंडर19 एशिया कप में उम्मीद के अनुरूप पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में बल्ला न चला पाने का मलाल लिये रांची में उतरे वैभव ने 190 रनों की झन्नाटेदार पारी खेली.





बुधवार को JSCA Oval Ground, Ranchi में टॉस जीतकर बिहार ने बल्लेबाजी चुनी और शुरुआत से ही साफ कर दिया कि इरादा बड़ा है. लेकिन जो हुआ, वह इरादे से कहीं आगे चला गया. वैभव सूर्यवंशी की पारी देखिए- 84 गेंदों में 190 रन, 15 छक्के, 16 चौके और 226.19 का स्ट्राइक रेट- यह लिस्ट-A क्रिकेट की नहीं, मानो T20 की रफ्तार में लिखी गई कहानी थी. खबर लिखे जाने तक बिहार ने 282-2 (30 Ov) का स्कोर खड़ा कर दिया था. मंगल महरौर (33 रन, 43 गेंद) के साथ वैभव ने पारी की नींव रखी. विकेट गिरने तक स्कोर आगे बढ़ रहा था, लेकिन उसके बाद वैभव ने गियर बदला. कवर-ड्राइव से लेकर पुल और लॉन्ग-ऑन के ऊपर से उड़ते छक्के- हर शॉट में आत्मविश्वास झलक रहा था.

36 गेंदों में शतक- 10 चौके और 8 छक्के...अरुणाचल का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह बैकफुट पर चला गया. मिबोम मोसू, टीएनआर मोहित और तेची नेरी किसी के पास वैभव का जवाब नहीं था. इसके बाद वैभव ने 59 गेंदों में 150 रन ((14 x 4, 13 x 6) पूरे किए. आखिरकार नेरी को वैभव का विकेट मिला, लेकिन तब तकबिहार के इस स्टार ने अपना काम कर दिया था... हालांकि वह दोहरे शतक से चूक गए.

वैभव सूर्यवंशी का नाम पिछले कुछ समय से चर्चा में रहा है- कम उम्र, तेज उभार, IPL की चमक और उससे जुड़े सवाल. अंडर-19 स्तर पर भी उनसे बड़ी उम्मीदें जोड़ी गईं. लेकिन अरुणाचल के खिलाफ यह पारी बताती है कि टैलेंट जब आंकड़ों में उतरता है, तो बहस अपने-आप शांत हो जाती है.

यह पारी सिर्फ शॉट्स की नहीं, टेम्परामेंट की भी कहानी थी- कब आक्रमक होना है और कब गैप ढूंढना है, वैभव ने दोनों का सही चुनाव किया.

### प्लेट ग्रुप, लेकिन संदेश मेन टेबल का

कागज पर यह प्लेट ग्रुप का मुकाबला था, पर असर उससे बड़ा. लिस्ट-A क्रिकेट में ऐसी पारी सेलेक्टर्स और एनालिस्ट्स की नोटबुक में जगह बनाती है. 55 गेंदों में 148 रन- यह सिर्फ एक दिन का खेल नहीं, भविष्य की झलक है.

सिनेमा

# धुरंधर की सक्सेस के बाद अक्षय खन्ना ने बढ़ाई फीस, विवाद के बाद छोड़ी दृश्यम 3?



फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है. मूवी में अक्षय खन्ना ने ऐसा स्वैग दिखाया कि लोगों के लिए उनसे नजरें हटाना मुश्किल हो गया. डांस हो या दमदार डायलॉग डिलीवरी, हर सीन में अक्षय खन्ना छाए हैं. फिल्म की सक्सेस के बाद मेकर्स के बीच एक्टर की डिमांड बढ़ गई है. लेकिन इस बीच एक चौंकाने वाली खबर आई है. सुनने में आया है कि एक्टर ने सुपरहिट फ्रेंचाइजी दृश्यम 3 से हाथ पीछे खींच लिए हैं. बॉलीवुड मशीन की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर ने अजय देवगन की फिल्म से वॉकआउट कर लिया है. इसकी वजह फीस को लेकर इश्यू और क्रिएटिव डिफरेंस बताए जा रहे हैं. रिपोर्ट में दावा है कि अक्षय खन्ना ने धुरंधर की जबरदस्त सफलता के बाद अपनी फीस में भारी बढ़ोतरी की मांग की है. पैसों के अलावा, उन्होंने दृश्यम 3 में अपने ऑनस्क्रीन लुक में बड़े बदलाव करने को कहा है. जानकारी के मुताबिक, अक्षय की इन डिमांड्स की वजह से मेकर्स के साथ उनकी अहमति हुई. जिसके चलते एक्टर ने फिल्म से पीछे हटने का फैसला किया है.

## Highlights

1. 'List atrocities against Muslims in India' question asked in Jamia exam, professor suspended

2. Lathicharge in Kolkata amid protest against Hindu man's lynching in B'desh

3. Pak leader provokes India as he sides with Bangladesh, says 'missiles not far away'

4. 'We're the biggest fugitives of India,' says Lalit Modi in video with Vijay Mallya

# Coal India rises 3% on in-principal approval for listing of two subsidiaries

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Coal India Ltd. rose to the highest in seven months after decks were cleared for listing of two subsidiaries by FY27.

On Wednesday, Coal India's share price increased for the sixth straight trading session, rising as much as 3.00% to ₹412.40 apiece on the BSE, even as the benchmark Sensex traded largely flat.

The board of the world's largest coal miner has given in-principal approval for the listing of wholly owned unit South Eastern Coalfields Ltd. and Mahanadi Coalfields Ltd., according to stock exchange filings on Tuesday. The in-principal approval will now be forwarded to the Ministry of Coal, which will then submit the proposal to the Department of Investment and Public Asset Management, or DIPAM. The proposed listing is subject to a series of regulatory clearances from various authorities. The in-principal approval follows




a specific directive from the Ministry of Coal to initiate concrete steps for listings of South Eastern Coalfields and Mahanadi Coalfields within the next financial year. The move is in line with the central government's broader strategy to unlock value in high-performing public sector undertakings and enhance corporate transparency through public participation.

### South Eastern Coalfields

Headquartered in Bilaspur, Chhattisgarh, South Eastern Coalfields is a so-called Mini Ratna PSU. With a total production capacity of 30.28 crore tonnes/annum, it is among the most productive subsidiaries of Coal India.

It produced 16.70 crore tonnes of coal in FY25 from 30 out of 73 coal projects operational in Madhya Pradesh and Chhattisgarh.

### Mahanadi Coalfields

Headquartered in Sambalpur, Odisha, Mahanadi Coalfields was carved out of South Eastern Coalfields in 1992 and received its Mini Ratna status in 2019.

# India bonds rally most in 4 months on RBI's 'shock-and-awe' cash-injection plan

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian bonds rallied the most in four months on Wednesday after the central bank announced fresh measures to boost banking-system liquidity, including government bond purchases and a foreign-exchange swap.

The Reserve Bank of India said Tuesday evening that it will buy 2 trillion rupees ($22 billion) of bonds in four tranches over December and January, and hold a $10 billion foreign-exchange swap next month. The benchmark 10-year bond yield




fell as much as eight basis points, the most since 14 August, to 6.56%.

The measures are aimed to "shock-and-awe" market sentiment, said Dhawal Dalal, chief investment officer for fixed income at Edelweiss Asset Management Ltd. Analysts and traders, including those at RBL Bank Ltd. and ICICI Securities Primary Dealership Ltd., now see scope for the 10-year bond yield to fall toward 6.50%.

The planned infusion is double the liquidity injection announced earlier this month and is expected to offset cash drain from the RBI's dollar sales to support the rupee, Asia's worst-performing currency this year. The measures follow a surge in the benchmark yield to a nine-month high earlier this week.

The latest measure adds to the central bank's efforts to keep borrowing costs stable and ensure economic growth remains resilient amid punitive US tariffs.

# महूनाका में नर्मदा परियोजना के पाइपों में आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महूनाका क्षेत्र में मंगलवार दोपहर नर्मदा परियोजना के लिए रखे गए प्लास्टिक पाइपों में भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में काले धुएं का गुबार फैल गया, जो काफी दूर से दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया।**

फायर ब्रिगेड के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 2 बजकर 20 मिनट पर सूचना मिली थी कि महूनाका पर नगर निगम के पाइपों में आग लगी है। इसके बाद तुरंत दमकल की एक गाड़ी मौके पर भेजी गई। दमकलकर्मियों ने एक टैंकर पानी का उपयोग कर आग को बुझाया। आग लगने के कारण शुरुआत में काफी धुआं फैल गया था, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। दमकल विभाग के मुताबिक नर्मदा परियोजना के तहत ये पाइप यहां लाकर रखे गए थे, जो पिछले तीन महीने से अधिक समय से खुले मैदान में पड़े हुए थे। आग लगने के पीछे किसी शरारती तत्व की भूमिका की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस नेता गोलू के खिलाफ ईडी का चालान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कांग्रेस नेता विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंदौर कोर्ट में मंगलवार को चालान पेश कर दिया है। उनके करीबी तरुण श्रीवास्तव के खिलाफ भी चालान दाखिल किया है। यह चालान इंदौर स्थित ईडी की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश हुआ है। मामला अवैध डब्बा व्यापार और ऑनलाइन सट्टेबाजी के गिरोह से जुड़ा है, जिसकी गतिविधियां इंदौर, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई और दुबई तक फैली थीं। इस पूरे नेटवर्क से करीब 404 करोड़ रुपए की कमाई की गई थी। ईडी की जांच में सामने आया कि विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री इस नेटवर्क का मुख्य संचालक था, जबकि तरुण श्रीवास्तव उसकी मदद करता था। तरुण दिन-प्रतिदिन के वित्तीय संचालन और फर्जी खातों को संभालता था। नेटवर्क में श्रीनिवासन रामासामी ने फर्जी ट्रेडिंग और MT5 सर्वरों को कॉन्फिगर किया था। समानांतर सट्टेबाजी नेटवर्क में धवल देवराज जैन ने भूमिगत प्लेटफॉर्म LotusBook247 का संचालन किया। धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी ने ऑफशोर इकाई iBull Capital का प्रबंधन किया, जबकि निधि चंदनानी ने दुबई स्थित संरचनाओं के माध्यम से कैश फ्लो और हेर-फेर में सहायता की।

# प्यूमा कंपनी के नकली लोगो वाले जूते जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एरोड्रम पुलिस ने प्यूमा कंपनी के अधिकृत अधिकारियों की शिकायत पर सांवेर के एक कंपनी संचालक का माल जब्त किया है। उसके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई की है। यहां पिछले कई वर्षों से जूते तैयार कर उन पर नकली लोगो लगाकर बाजार में सप्लाई की जा रही थी। कंपनी से जुड़े अधिकारियों ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक लोडिंग गाड़ी की घेराबंदी कर उसे पकड़ा, जिसमें नकली जूते रखे हुए थे। एरोड्रम पुलिस ने सुमित शर्मा, निवासी सावरिया नगर, की शिकायत पर योगेश पंजाबी, निवासी सांवेर, के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत FIR दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, सुखदेव विहार कॉलोनी के पास सफेद रंग की लोडिंग गाड़ी (MP15-ZD1197) को रोका गया। गाड़ी पर टाइगर लिखा प्यूमा कंपनी का लोगो लगा हुआ था। जांच के दौरान गाड़ी के अंदर 10 कार्टन में भरे 300 जोड़ी जूते मिले। प्रत्येक कार्टन में 30 बॉक्स रखे थे। पुलिस ने पूरे मामले की वीडियोग्राफी भी करवाई। गाड़ी के ड्राइवर ने पूछताछ में बताया कि उसने यह माल महालक्ष्मी प्लास्टिक इंडस्ट्रीज के मालिक योगेश पंजाबी से लिया था और वह इसकी डिलीवरी देने जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने प्यूमा कंपनी के नकली लोगो लगे जूते बेचकर अवैध लाभ कमाने, कंपनी के कॉपीराइट और ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने तथा धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, सुमित शर्मा पिछले तीन वर्षों से प्यूमा कंपनी में अधिकृत रूप से एडवोकेट लीगल कंसलटेंट के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया था कि कंपनी के ट्रेडमार्क का यहां गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारी जुटाने पर उन्हें लोडिंग गाड़ी के एरोड्रम क्षेत्र में खाली होने की सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक